भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1149
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

नासिक कुंभ मेला

1149. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र राज्य के नासिक में आयोजित होने वाले कुंभ मेले में आने वाले पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए धनराशि आवंटित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले में शिरडी और शनि शिंगणापुर की यात्रा करने वाले पर्यटकों को पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए निधियां आवंटित की गई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी घरेलू संवर्धन एवं प्रचार योजना के तहत, महाराष्ट्र राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को ऐसे मेलों, महोत्सवों और कार्यक्रमों के आयोजन के लिए, जिनमें क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की क्षमता होती है, राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से प्रस्ताव प्राप्त होने, धन की उपलब्धता और योजना के दिशानिर्देशों के अनुपालन के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन संबंधी राष्ट्रीय अभियान (प्रशाद)' योजना के तहत पर्यटन से संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों (यूटी) को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर महाराष्ट्र सहित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं । इन प्रस्तावों की योजना के दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति तथा धन की उपलब्धता के अध्यधीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

महाराष्ट्र राज्य को 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन संबंधी राष्ट्रीय अभियान (प्रशाद)' योजना के तहत स्वीकृत राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

परियोजना का नाम	**वर्ष**	**स्वीकृत लागत**	**जारी की गई राशि**
त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	42.18	29.93

*****